फिर भी, बच्चों के लिए कुछ अन्य कार्यक्रम हैं, जिनके अन्तर्गत भोजन भी दिया जाता है। ये हैं :— समेकित बाल विकास सेवा, विशेष पोषाहार कार्यक्रम, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, बालबाड़ी पोषाहार कार्यक्रम, कामकाजी और बीमार माताओं के बच्चों के लिए शिशु केन्द्र इत्यादि। इन में दो कार्यक्रमों अर्थात् 6 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों तथा गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं के लिए विशेष पोषाहार कार्यक्रम तथा स्कूलों के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम और "केयर" नामक एक अमेरीकन एजेंसी से आंशिक सहायता मिलती है।

Concession to M.R.T.P. and F.E.R.A. House to Expand Fishing Industry

3891. SHRI DAULATSINHJI JADEJA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government confirmed the Press Report in "Sunday Standard" on August 17, 1980, stating that Government has offered certain concession to MRTP houses and FERA houses to enter and expand in the fishing industry;

(b) whether Government are aware that such penetrations will destroy the existing Indian fishing operation; and

(c) how Government propose to protect all sections of Indian fishing industry from these large houses, since demarcated areas of fishing cannot be policed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) No. Sir.

(b) and (c). Do not arise.

छठी योजना के दौरान छोटे तथा मध्यम नगरों का विकास

3892. **श्री छीतू भाई गामित :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छठी योजना में छोटे तथा मध्यम नगरों के विकास की प्रस्तावित योजना के अधीन देश में 200 छोटे तथा मध्यम नगरों का विकास करने का निर्णय लिया गया है, और

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिए गांवों का चुनाव करने के लिए राज्यवार क्या मानदन्ड अपनाया गया है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) छोटे एवं मध्यम नगरों के स्वीकृत विकास की केन्द्र द्वारा प्रवर्तित योजना की सीमा के अन्तर्गत ग्राम नहीं आते।

पाकिस्तान को गायों की तस्करी

3893. **श्री अशोक गहलोत :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कि :

(क) क्या सरकार को राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों से पाकिस्तान को चोरी छिपे गायों का निर्यात किये जाने की जानकारी है ;

(ख) क्या इन गायों की तस्करी वहां उनके मारे जाने के उद्देश्यों से की जा रही है ;

(ग) क्या इससे देश में अच्छी नस्ल की गायों की संख्या कम हो गयी है ;